उपहार, लाभ, और आतिथ्य (मेज़बानी)

डीईएलडब्लूपी (DELWP) संपन्न पर्यावरणों और समुदायों को निर्मित करता है

हमारे निर्णय लेने में हमारी नीतियाँ और प्रक्रियाएँ जनता को विश्वास प्रदान करती हैं।

हम आपको हमारे कर्मचारियों को उपहार, लाभ या आतिथ्य (उपहार के प्रस्ताव) की पेशकश करने के लिए प्रोत्साहन नहीं देते हैं। हमारे कर्मचारी ऐसे किसी उपहार को स्वीकार नहीं कर सकते हैं, जिससे उनकी या विभाग की सत्यनिष्ठा बदनाम हो सकती है।

नीति

हमारी नीति और प्रक्रियाएँ उपहारों, लाभों और आतिथ्य के प्रबंधन के लिए न्यूनतम जवाबदेही को पूरा करती हैं।

- उपहार, लाभ और आतिथ्य नीति (PDF, 612.5 KB)
- उपहार, लाभ और आतिथ्य नीति (DOCX, 156.5 KB)

गोपनीयता संग्रह कथन

हमारे कर्मचारी अपने लाइन मैनेजर को उन्हें प्राप्त होने वाले प्रत्येक गैर-टोकन उपहार प्रस्ताव के बारे में बताते हैं, भले ही वे इसे अस्वीकार कर दें।

हम इस जानकारी को यह सुनिश्चित करने में सहायता के लिए एकत्र, संग्रहीत और प्रयोग करते हैं कि हमारी नीति प्रभावी है तथा हम अपने कानूनी दायित्वों को पूरा कर रहे हैं।

- गोपनीयता संग्रह विवरण (DOCX, 116.7 KB)
- गोपनीयता संग्रह विवरण (PDF, 34.4 KB)

रिपोर्ट करने योग्य उपहार प्रस्तावों का रजिस्टर

उपहार प्रस्ताव या तो:

- टोकन (असंगत, मामूली, और $50 से कम मूल्य) के रूप में होते हैं, या
- रिपोर्ट करने योग्य (गैर-टोकन) होते हैं।

हमारे लिए:

- सभी रिपोर्ट करने योग्य उपहार प्रस्तावों का रजिस्टर रखना आवश्यक है
- गोपनीयता कानूनों के अनुपालन में पहचान हटाई गई प्रति को प्रकाशित करना आवश्यक है।

उपहार, लाभ और आतिथ्य रजिस्टर रिकॉर्ड:

- उपहार, लाभ और आतिथ्य बाहरी रजिस्टर 2019-20 (PDF, 445.4 KB)

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

- [उपहार, लाभ और आतिथ्य बाहरी रजिस्टर 2018-19 (PDF, 461.2 KB)]
- [उपहार, लाभ और आतिथ्य बाहरी रजिस्टर 2017-18 (PDF, 431.9 KB)]

उपहार का प्रस्ताव न देने का प्रयास करें

ऐसे उपहार का प्रस्ताव न देने का प्रयास करें, जिन्हें हमारे कर्मचारी स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए: आपकी रुचि किसी ऐसे व्यावसायिक निर्णय में है, जिसे कर्मचारी द्वारा लिया जाएगा या जो कर्मचारी द्वारा प्रभावित हो सकता है।

अगर आप व्यावसायिक सहयोगी (जैसे आपूर्तिकर्ता या निविदाकर्ता) हैं, तो निम्नलिखित के विपरीत कार्य करने पर आपको परिणामों का सामना करना पड़ सकता है:

- हमारी नीति
- विक्टोरिया सरकार की कोई भी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता।

एक से अधिक उपहारों का प्रस्ताव न देने का प्रयास करें

यदि आप एक से अधिक उपहार प्रस्तावित करते/करती हैं, तो समग्र प्रभाव से सत्यनिष्ठा संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए

हमारी नीति के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया integrity@delwp.vic.gov.au पर ईमेल भेजें।

हमारी एजेंसियां

उपहार प्रस्तावों के बारे में हमारी एजेंसियों के समान दायित्व हैं। On Board एक आदर्श नीति, घोषणा पत्र और रजिस्टर प्रदान करता है। इसमें दिशा-निर्देश की टिप्पणियाँ भी हैं। बोर्ड और प्रशासन - उपहार, लाभ और आतिथ्य वेबसाइट पर जाएँ।

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और दुभाषण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। 131 450 (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) पर TIS National से संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।